**कत्रा: आठवी**

---

**निर्देश :-**

**1. इस प्रश्नपत्र में चार खंड (क,ख,ग,घ) हैं|**

**2. सभी प्रश्न हल करने हैं |**

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए -

हम अपने कार्यों को देश के अनुकूल होने की कसौटी पर कसकर चलने की आदत डालें ,यह बहुत उचित है, बहुत सुन्दर है , पर हम इसमें तब तक सफल नहीं हो सकते , जब तक कि हम अपने देश की भीतरी दशा को ठीक -ठाक न समझ लें और उसे हमेशा अपने सामने न रखें | हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है| एक शक्तिबोध और दूसरा सौंदर्यबोध | बस , हम यह समझ लें कि हमारा कोई भी काम ऐसा न हो जो देश में कमजोरी की भावना को बल दे या कुरुचि की भावना को प्रसारित करे | "ज़रा अपनी बात को और स्पष्ट कर दीजिए |" यह आपकी राय है और मैं इससे बहुत ही खुश हूँ कि आप मुझसे यह स्पष्टता माँग रहे हैं | क्या आप चलती रेलों में ,मुसाफिर खानों में चौपालों पर और मोटर बसों में कभी ऐसी चर्चा करते हैं कि हमारे देश में यह नहीं हो रहा है , वह नहीं हो रहा है और यह परेशानी है ? साथ ही क्या इन स्थानों में आप कभी अपने देश के साथ दूसरे देशों की तुलना करते हैं और इस तुलना में अपने देश को हीन और दूसरे देशों को श्रेष्ठ सिद्ध करते हैं ?

यदि इन प्रश्नों का उत्तर हाँ है , तो आप देश के शक्तिबोध को भयंकर चोट पहुंचा रहे हैं और आपके हाथों देश के सामूहिक मानसिक बल का ह्रास हो रहा है | आपने महाराजा शल्य की बात सुनी है !वह महाबली कर्ण का सारथी था | जब भी कर्ण अपने पक्ष की विजय की घोषणा करता , हुंकार

भरता ,महाराज शल्य अर्जुन की अजयेता का एक हल्का - सा उल्लेख कर देता | बार-बार इस उल्लेख ने कर्ण के सघन आत्मविश्वास में संदेह की तरेड़ डाल दी, जो ऊसकी भावी पराजय की नींव रखने में सफल हो गई |

1.देश के अनुकूल कसौटी पर कार्य करते हुए भी सफलता पाने के लिए क्या करना चाहिए ? **(1)**

क- हम देश की आतंरिक दशा को हमेशा ध्यान में न रखें |

ख- हम देश की आतंरिक दशा को हमेशा ध्यान में रखें |

ग- देश के लोगों को अपने साथ रखना चाहिए |

घ- देश की बाहरी चीजों पर ध्यान नहीं देना चाहिए |

2- हम अपने देश में शक्तिबोध की भावना को कैसे बनाए रख सकते है **(1)**

क- हमें देश को शक्तिशाली बनाना चाहिए |

ख- हमें देश को कमजोर बनाने वाले काम नहीं करने चाहिए |

ग- हमें लड़ते रहना चाहिए |

घ- इनमें से कोई नहीं |

3- हमें अपने देश की परेशानियों का उल्लेख क्यों नहीं करना चाहिए ? **(1)**

क- क्योंकि ऐसा करके हम देश को कुरूप बनाते हैं |

ख- क्योंकि ऐसा करना क़ानून के खिलाफ है |

ग- क्योंकि ऐसा करके हम अपने देश को हीन तथा दूसरे देश को श्रेष्ठ बनाते हैं|

घ- इनमें से सभी |

4- शल्य किसका सारथी था? **(1)**

क- अर्जुन ख- दुर्योधन ग- कर्ण घ- भीम

5- देश को सौंदर्यबोध की जरूरत क्यों है ? **(1)**

क- देश को सुन्दर बनाने के लिए |

ख - देश की सुंदरता को नष्ट करने के लिए |

ग- देश की शक्ति बढ़ाने के लिए |

घ- उपरोक्त सभी |

6- शल्य कर्ण के सामने अर्जुन की अजेयता का उल्लेख क्यों करता था? **(1)**

क- कर्ण का मनोबल बढ़ाने के लिए |

ख- अर्जुन का गुणगान करने के लिए |

ग- अर्जुन को सचेत करने के लिए |

घ- कर्ण के आत्मविश्वास को कमजोर करने के लिए |

7- कर्ण के सघन आत्मविश्वास में संदेह की तरेड़ किसने डाली? **(1)**

क- स्वयम् ने ख- अर्जुन ने ग- शल्य ने घ- लेखक ने

8- निम्नलिखित शब्दों में से पुनरूक्त शब्द है – **(1)**

क- सौंदर्य-बोध ख- शक्ति –बोध ग- मोटर –बस घ- बार -बार

9- प्रसारित शब्द में प्रत्यय है – **(1)**

क- रीत ख- इत ग-त घ- रत

10- सामूहिक शब्द में मूल शब्द क्या है ? **(1)**

क- समूह ख-सामूह ग- हिक घ-सम

प्र. 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए -

दिन-दिन भर सोना
उठे भी तो भाग्य को रोना
बहुत हुआ तो किताबों में
दिल दिमाग खोना |
थोड़ी क्रियाशीलता जागी
तो पैड खींच
मित्रों को पत्र लिख

मोती पिरोना |
जिंदगी को ऐसा न बनाओ
कि लगे बोझा ढोना |
दुनिया में बड़ी नियामते हैं मित्र
जगो उठो , हौंसला करो ना !
थोड़ा हाथ –पैर चलाओ |
इन्हीं पैरों की चाप से
निर्झर फूटेंगे
इन्हीं हाथों से तो
उगेगा सोना |

1. जिंदगी बोझ कब बन जाती है ? **(1)**

क- जब मनुष्य कर्मशील नहीं होता |
ख- जब मनुष्य कर्मशील होता है |
ग- जब मनुष्य परोपकार करता है |
घ- कोई नहीं |

2. थोड़ा हाथ-पैर चलाने से क्या होता ? **(1)**

क- काम नहीं बनाता ख- लक्ष्यों की प्राप्ति
ग- कसरत घ- कुछ नहीं

3. प्रस्तुत काव्यांश में कवि क्या प्रेरणा दे रहा है ? **(1)**

क- देश प्रेम की ख- धर्म करने की
ग- कर्म करने की घ- खेती करने की

4. रात-दिन काम करने वाले मनुष्यों के लिए क्या कहा गया है ? **(1)**

क- कर्मशील ख- कामचोर ग- धर्मवीर ५- पंचशील

5. मोती पिरोना से क्या तात्पर्य है – **(1)**

क- खराब लिखना ख- अस्पष्ट लिखना
ग- माला बनाना घ- मोती जैसे अक्षरों में लिखना

6- भाग्य पर किन्हें रोना पडता है – (1)

क- दिन भर काम करनेवालों को ख- रात को जगानेवालों को

ग- दिनभर सोनेवालों को घ-सभी को

7- किताबों में दिल-दिमाग खोने का क्या अर्थ है – (1)

क- किताबें माथे पर रखना ख- मन लगाकर किताबें पढना

ग- किताब फेंक देना घ- सभी

8- निर्झर शब्द का अर्थ है – (1)

क- झरना ख- लगातार ग- नदी घ- कभी- कभी

9- जरा उठो , हौंसला करो न ! में विराम चिह्न हैं (1)

क- प्रश्नवाचक ,पूर्ण विराम

ख- अल्प विराम , विस्मयादिबोधक

ग- अर्ध अल्प विराम ,पूर्ण विराम

घ- कोई नहीं

10- हाथ का विलोम शब्द है- (1)

क- चाप ख- पथ ग- पेड़ घ- पैर

( खंड- ख )

प्र. 3

1. बेधुली में उपसर्ग है- (1)

क- बेध ख- धुली ग- ली घ-बे

2-अनधिकारी शब्द में उपसर्ग है - (1)

क-अ ख- अन् ग- अना घ- अनाधि

3-संयोजन शब्द में उ़पसर्ग है - (1)

क-स ख- सम ग- सम् घ- सं

4- शीत शब्द का विलोम शब्द है- (1)

क- ऊष्ण ख- उष्ण ग- उषण घ- उशन

5- कृत्रिम का विलोम शब्द कौन –सा है - (1)

क- बनावटी ख- प्राकृतिक ग- नकली घ- प्रदूषित

6- आरामदेह शब्द में प्रत्यय है - (1)

क- ह ख – दह ग- देह ग- मदेह

7- पुराण शब्द में इ़क प्रत्यय जोडने पर शब्द बना - (1)

क- पुराणिक ख- पुरानीक ग- पेराणिक घ-पौराणिक

8- मधुकर शब्द का समानार्थी शब्द है - (1)

क- मकखी ख- कीड़ा ग- तितली घ-भौंरा

9- उपानह शब्द का समानार्थी शब्द है – (1)

क- कुर्ता ख- धोती ग- जूते घ- पगड़ी

10- कृष्ण के लिए कौन –सा प्रयोग नहीं हुआ ? (1)

क- मुरलीधर ख- चक्रधर ग- गोपाल घ-श्याम

11- इन सारे मामलों पर पुरुषों की क्या राय थी ? वाक्य में विराम चिह्न है- (1)

क- पूर्ण विराम ख- अल्प विराम ग- प्रश्नवाचक घ- अर्धविराम

12- बाईस वर्षीय रमा को लोगों ने साइकिल चलाते देखा | वाक्य में बाईस शब्द क्या है ? (1)

क- संख्यावाचक विशेषण ख- गुणवाचक विशेषण

ग- परिमाण वाचक विशेषण घ-सर्वनाम

13- प्रकांडकोष में कोष शब्द क्या है ? (1)

क- विशेषण ख-विशेष्य ग – सर्वनाम घ- अव्यय

14- वह <u>हाथों से</u> शिकार को जकड़ लेती थी | रेखांकित में कारक है- (1)

क- अपादान कारक ख- करण कारक ग-कर्ता कारक घ- कोई नहीं

15– बेर की <u>झाडी से</u> बूँद मेरे हाथ पर आ गिरी | रेखांकित में कारक है - (1)

क- अपादान ख करण ग- कर्म घ-अधिकरण

16- खमा शब्द का शुद्ध रूप है - **(1)**

क- खम्म ख- खम्भा ग-क्षमा घ- छमा

17- मज़ूरी शब्द का शुद्ध रूप है - **(1)**

क- मजदूरी ख- मज़ूर ग- हाज़ुर घ- कोई नहीं

18- टोपी से बनानेवाले दो मुहावरे लिखिए | **(2)**

19-पानी शब्द से बनानेवाला कोई दो मुहावरे लिखिए- **(2)**

20- निम्नलिखित वाक्यों के सामने **सही** और **गलत** लिखिए- (4)

(क) 'त्रिवेणी' शब्द में द्विगु समास है|

(ख) 'आदमी' व्यक्तिवाचक संज्ञा है|

(ग) मोर का पंख सुन्दर होते हैं

(घ) 'सम्राज्ञी' सम्राट का स्त्रीलिंग है |

( खंड-ग )

प्र. 4 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए -

" वह जो पेड़ तुम देखते हो न ! वह ऊपर इतना बड़ा नहीं है , पृथ्वी में भी लगभग इतना ही बड़ा है | उसकी बड़ी जड़ें ,छोटी जड़ें ओर जड़ों के रोएँ हैं | वे रोएं बड़े निर्दयी होते हैं |मुझ जैसे असंख्य जल – कणों को वे बलपूर्वक पृथ्वी मे से खींच लेते हैं | कुछ को तो पेड़ एक दम खा जाते हैं और अधिकांश का सबकुछ छीनकर उन्हें बाहर निकाल देते हैं |"

१- यहाँ कौन किससे बातें कर रहा है ? **(1)**

क- लेखक ,बूँद से ख- बूँद, लेखक से

ग- पेड़ बूँद से घ-बूँद ,पेड़ से

२- जड़ के रोओं के लिए प्रयुक्त विशेषण कौन–सा शब्द है? **(1)**

क- निर्दयी ख- असंख्य ग- अधिकांश घ-बलपूर्वक

३- पृथ्वी में से जलकणों को कौन खींचता है ? (1)

क- पत्ते   ख-डाली   ग- रोएँ   घ- कोई नहीं

४- रोएँ जलकणों को कैसे खींचते हैं ? (1)

क- सावधानी से   ख- सरलता से   ग- बलपूर्वक   घ- कोई नहीं

५- निर्दयी में उपसर्ग कौन -सा है ? (1)

क- नि   ख- नी   ग- निर्   घ-निर

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

**(5 x 3=15)**

क- बच्चों के उधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

ख- जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन से वाक्य छपे गए थे ?

ग- सुदामा की दीन दशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई ? लिखिए |

घ- आपके विचार से लेखक ने पाठ का नाम जहाँ पहिया है क्यों रखा होगा ?

ङ- आपके विचार से अंग्रेज ने पुराना लोटा क्यों खरीद लिया ?

च- बाज जिंदगी भर आकाश में ही उड़ता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?

छ- टोपी बनवाने के लिए गौरैया किस-किस के पास गई ?

प्र. 6 निम्नलिखित पद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए

मैया ,कबहिं बढ़ैगी चोटी ?
किती बार मोहिं दूध पियत भई,यह अजहूँ है छोटी |
तू जो कहति बल की बेनी ज्यों,ह्वै है लांबी –मोटी|
काढ़त- गुहत न्हवावत जैहै , नागिनी सी भुइं लोटी |

कांचों दूध पियावत पचि-पचि , देति न माखन- रोटी |
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी |

1. कवि का नाम लिखिए | **(1)**
2. कृष्ण माता यशोदा से क्या पूछ रहे हैं ? **(1)**
3 यशोदा कृष्ण को पीने के लिए क्या देती थीं ? **(1)**
4. श्रीकृष्ण को क्या खाना अधिक पसंद था ? **(1)**
5 यशोदा कृष्ण को क्या आशीर्वाद देती हैं ? **(1)**

प्र. 7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर लिखिए- **(5 x 2=10)**

क- अंग्रेजी सरकार शिक्षा के प्रसार को क्यों नापसंद करती थी ?
ख- महात्मा गांधी के जीवन के तीन मूल मंत्र क्या थे ?
ग- ईस्ट इण्डिया कम्पनी का भारत में आने का मूल उद्देश्य क्या था ?
घ- महमूद गजनवी का भारत पर आक्रमण करने के पीछे क्या उद्देश्य था ?
ङ- सन १८५७ की क्रांति के क्या कारण थे ?
च- भारत छोड़ो प्रस्ताव कब और कहाँ पास किया गया ?
छ- अगस्त १९४२ के आंदोलन के पीछे क्या उद्देश्य था ?

## खंड - घ

प्र. 8 किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए - **(5)**

क- अनुशासन का महत्त्व ख- कंप्यूटर का महत्त्व
ग- मेरा देश घ- मित्रता

प्र. 9 मोहल्ले की सफाई हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए **(5)**

अथवा

परीक्षा में प्रथम आने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए |

*******